Australian Government
Department of Agriculture, Fisheries and Forestry



इमेज ट्रेसी क्रूगर के सौजन्य से, भेड़ उत्पादक ऑस्ट्रेलिया द्वारा उपलब्ध कराई गई।

# राष्ट्रीय अवशिष्ट सर्वेक्षण 2022-23

## भेड़

राष्ट्रीय अवशिष्ट सर्वेक्षण (एनआरएस) ऑस्ट्रेलियाई सरकार के कृषि, मत्स्य पालन और वानिकी विभाग के अंतर्गत संचालित किया जाता हैऔर 1992 सेइसे लेवी और प्रत्यक्ष अनुबंधों के माध्यम से उद्योगों द्वारा वित्त-पोषित किया गया है।

एनआरएस ऑस्ट्रेलिया के कीटनाशक और पशु-चिकित्सा अवशिष्ट प्रबंधन ढांचे का एक अनिवार्य हिस्सा है, जो रासायनिक नियंत्रण-उपयोग कानून और दिशानिर्देशों के समर्थन में अच्छी कृषि पद्धतियों का सत्यापन प्रदान करता है।

एनआरएस कार्यक्रम ऑस्ट्रेलियाई खाद्य-उत्पादों में कीटनाशकों, पशु-चिकित्सा अवशिष्ट और संदूषकों के स्तर और उनसे जुड़े जोखिमों की निगरानी करते हैं। ये कार्यक्रम घरेलू और निर्यात बाज़ारों में चल रही पहुंच को सुविधाजनक बनाने और प्रोत्साहित करने में मदद करते हैं। एनआरएस ऑस्ट्रेलिया के ऐसे प्राथमिक उत्पादकों और खाद्य प्रोसेसरोंका समर्थन करता है, जोऑस्ट्रेलियाई और प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय मानकों, दोनों को पूरा करने वाले गुणवत्तापूर्ण पशु, अनाज और बागवानी उत्पाद प्रदान करते हैं।

### भेड़ कार्यक्रम का अवलोकन

भेड़ कार्यक्रम 1960 के दशक की शुरुआत से चल रहा है और भेड़ ट्रांज़ेक्शन लेवी के एनआरएस घटक द्वारा वित्त-पोषित है। इस कार्यक्रम में कई तरह के कीटनाशकों, पशु-चिकित्सा दवाओं और पर्यावरणसंदूषकों के लिएऑस्ट्रेलियाई भेड़ के ऊतकों के नमूनों का परीक्षण करना शामिल है।

यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि भेड़ के मांस का निर्यात ऑस्ट्रेलियाई निर्यात प्रमाणन और आयातकर्ता देश की आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसके अलावा,यह कार्यक्रम उद्योग गुणवत्ता आश्वासन पहल का समर्थन करता है और घरेलू मांस प्रसंस्करण सुविधाओं को राज्य और क्षेत्रीय सरकार नियामक प्राधिकरण लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाता है।

### नमूना संग्रह

एकत्र किए गए नमूनों की संख्या ऑस्ट्रेलियाई उत्पादन स्तर और/या विदेशी निर्यात बाज़ार की आवश्यकताओं पर आधारित होती है।

प्राधिकृत सरकारी अधिकारियों द्वारा निर्यात पशुवध-गृहों से और गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारियों द्वाराघरेलू प्रतिष्ठानों सेएनआरएस की आवश्यकताओं के अनुसार प्रोसेसिंग चेन से गुजरनेवाले चयनित शवों में से यादृच्छिक नमूने एकत्र किए जाते हैं।

### मुख्य बिंदु:

- 2022–2023 में, ऑस्ट्रेलियाई मानकों का भेड़ों के नमूनों में समग्र अनुपालन 99.91% था।
- ऑस्ट्रेलियाई भेड़ उत्पादकों ने उच्च स्तर की अच्छी कृषि पद्धति का प्रदर्शन जारी रखा है।
- राष्ट्रीय अवशिष्ट सर्वेक्षण की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (QMS) आईएसओ मानक 9001:2015 के अनुरूपप्रमाणित है।

## विश्लेषणात्मक स्क्रीन

विश्लेषणात्मक स्क्रीन उद्योग के परामर्श अनुसार विकसित की गई हैं और ऑस्ट्रेलिया में पंजीकृत रसायनों, रासायनिक अवशिष्ट प्रोफ़ाइलों और विदेशी बाज़ार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखती हैं।

जैसा कि तालिका 1 में दिखाया गया है, भेड़ के नमूनों में कई प्रकार के कीटनाशकों, पशु-चिकित्सा दवाओं और पर्यावरण संदूषकों की उपस्थिति के लिए जांच की जाती है।

**तालिका 1. भेड़ कार्यक्रम के लिए विश्लेषणात्मक स्क्रीन**

| विश्लेषणात्मक स्क्रीन | रासायनिक समूह | विश्लेषण किए जाने वाले पदार्थ |
|---|---|---|
| पशु-चिकित्सा दवाएं और कीटनाशक | ऐन्थेल्मिन्टिक्स | इसमें मैक्रोसाइक्लिक लैक्टोन्स, सैलिसिलेनिलाइड्स और बेंज़िमिडाज़ोल्स शामिल हैं |
| | रोगाणुरोधी | इसमें एमिनोग्लाइकोसाइड्स, एंटीकोक्सिडियल्स, बीटा लैक्टम्स, क्विनोलोन्स, मैक्रोलाइड्स, नाइट्रोफ्युरेंस, फेनिकोल्स, सल्फोनामाइड्स और टेट्रासाइक्लिन्स शामिल हैं |
| | हॉर्मोन्स | स्टिलबेन्स, कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स, रिसोरसीलिक एसिड लैक्टोन्स और एंड्रोजेनिक स्टेरॉयड्स सहित |
| | अन्य दवाएं | इसमें बीटा-एगोनिस्ट्स और नॉन-स्टेरायडल एंटी- इन्फ्लेमेटरी दवाएं शामिल हैं |
| | कीटनाशक | कीटनाशक, कवकनाशक और शाकनाशक |
| पर्यावरण संदूषक | ऑर्गनोक्लोरीन्स | एल्ड्रिन, क्लोर्डेन, डाइल्ड्रिन, डीडीटी, एंड्रिन, एचसीबी, एचसीएच, हेप्टाक्लोर, लिंडेन, मायरेक्स, पीसीबी और पेंटाक्लोरोबेंजीन |
| | डाइऑक्सिन्स | डाइऑक्सिन्स और डाइऑक्सिन जैसे पीसीबी |
| | धातुएँ | एंटीमोनी, आर्सेनिक, कैडमियम, सीसा और पारा |

## परिणाम

2022-23 मेंविश्लेषण के लिए कुल 2,309 नमूने एकत्र किए गए थे। परिणामों की तुलना ऑस्ट्रेलियाई मानकों और प्रासंगिकतानुसारअंतर्राष्ट्रीय मानकों से की गई थी।

पिछले 6 वर्षों में ऑस्ट्रेलियाई मानकों के साथ भेड़ के नमूने के अनुपालन का सारांश तालिका 2 में दिया गया है। परिणाम ऑस्ट्रेलियाई मानकों के साथ उत्कृष्ट अनुपालन प्रकट करते हैं और अच्छी कृषि पद्धतिके लिए उद्योग की सुदृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। लगातार उच्च अनुपालन दर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाज़ारों में ऑस्ट्रेलियाई भेड़ की प्रतिष्ठा और अखंडता को बनाए रखने में मदद करती है।

भेड़ कार्यक्रम के वार्षिक सारांश का डेटासेट विभाग की वेबसाइट agriculture.gov.au/nrs-results-publications पर दिया गया है।

**तालिका 2. ऑस्ट्रेलियाई मानकों के सापेक्ष पिछले 6 वर्षों की अनुपालन दरें**

| वर्ष | एकत्रित किए गए नमूने | अनुपालन दर (%) |
|---|---:|---:|
| 2017–18 | 2,591 | 99.69 |
| 2018–19 | 2,589 | 99.73 |
| 2019–20 | 2,682 | 99.78 |
| 2020–21 | 2,905 | 99.86 |
| 2021–22 | 2,009 | 99.45 |
| 2022–23 | 2,309 | 99.91 |

## प्रयोगशाला चयन और प्रदर्शन

एनआरएस कीटनाशकों/पशु-चिकित्सा दवा अवशिष्टों और पर्यावरण संदूषकों के लिए पशु और पौधों के उत्पादों के नमूनों का विश्लेषण करने के लिए प्रयोगशालाओं को अनुबंधित करता है।

प्रयोगशालाओं का चयन ऑस्ट्रेलियाई सरकार की खरीद प्रक्रिया के माध्यम से उनकी दक्षता और मौद्रिक मूल्य के आधार पर किया जाता है। परीक्षण प्रारंभ करने के लिए प्रयोगशालाओं को अंतरराष्ट्रीय मानक आईएसओ/आईईसी 17025 से मान्यता प्राप्त होना चाहिए।

एनआरएस द्वारा अनुबंधित प्रयोगशालाओं की दक्षता का परीक्षण किया जाता है, ताकि उनके विश्लेषणात्मक परिणामों और तकनीकी क्षमता की वैधता सुनिश्चित हो सके।

एनआरएस को जुलाई 2005 से नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ टेस्टिंग ऑथॉरिटीज़ द्वारा एक प्रवीणता परीक्षण प्रदाता के रूप में मान्यता दी गई है।



इमेज ट्रेसी क्रूगर के सौजन्य से, भेड़ उत्पादक ऑस्ट्रेलिया द्वारा उपलब्ध कराई गई।

## अंतर्राष्ट्रीय निर्यात बाज़ार

एनआरएस ऑस्ट्रेलिया के लिए लागू और एनआरएस द्वारा समर्थित उद्योगों के प्रमुख निर्यात बाज़ारों पर लागू होने वाली अधिकतम अवशिष्ट सीमा (MRLs) की जानकारी संग्रहीत करके रखता है। सभी विश्लेषण परिणामों को ऑस्ट्रेलियाई मानकों और प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय MRLs के अनुपालन के लिए जाँचा जाता है।

ऑस्ट्रेलियाई MRL मानक के लिए legislation.gov.au/Series/F2023L01350 देखें।



इमेज ट्रेसी क्रूगर के सौजन्य से, भेड़ उत्पादक ऑस्ट्रेलिया द्वारा उपलब्ध कराई गई।

**सामान्य पूछताछ**

फ़ोन 1800 900 090

**डाक पता**

National Residue Survey
GPO Box 858, Canberra ACT 2601 Australia

agriculture.gov.au/nrs

ईमेल nrs@aff.gov.au

© Commonwealth of Australia, 2024.

यह प्रकाशन क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल लाइसेंस के तहत ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रमंडल द्वारा लाइसेंस प्राप्त है।

AGR001.0124